भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 40
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
31 आषाढ़, 1946 (शक)

फुटबाल के विकास के लिए धनराशि

40. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में फुटबाल के विकास के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) देश में फुटबाल के विकास के लिए कितने प्रतिशत खेल बजट आवंटित किया जाता है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): मंत्रालय फुटबॉल सहित सभी खेलों के प्रचार और विकास के लिए दो प्रमुख स्कीमें चलाता है यथा राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (एनएसएफ) स्कीम और खेलो इंडिया स्कीम । फुटबॉल के संबंध में विगत पांच वर्षों के दौरान स्कीम-वार और वर्ष-वार प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है:

I. राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (एनएसएफ) स्कीम

(करोड़ रु.)

वित्त वर्ष	आबंटन	व्यय
2019-20	44.11*	18.41
2020-21	10.31	3.80
2021-22	5.25	5.25
2022-23	15.00 **	14.49
2023-24	6.95	6.65

* वर्ष 2019-20 में अंडर-17 महिला फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए 14.17 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

** अंडर-17 महिला फीफा विश्व कप के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे।

II. खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया केंद्र

(करोड़ रु.)

वित्त वर्ष	स्वीकृत	जारी	उपयोग किया गया
2020-21	1.60	0.82	0.82
2021-22	7.60	3.78	3.71
2022-23	10.90	1.96	1.59

2023-24	10.80	11.80	6.78
2024-25	9.30	2.30	-

III. खेलो इंडिया एथलीटों (फुटबॉल) को प्रदान किया जाने वाला आउट ऑफ पॉकेट भत्ता:

(करोड़ रु.)

वित्त वर्ष	स्वीकृत
2024-25	0.39
2023-24	1.68
2022-23	1.37

इसके अलावा, अस्मिता फुटबॉल लीग जो कि खेलो इंडिया स्कीम के "खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देना" घटक के तहत महिलाओं के लिए खेलों की एक प्रमुख पहल है, के तहत फुटबॉल के विकास के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है, -

(करोड़ रु.)

वर्ष	स्वीकृत	व्यय
2022-23	2.32	2.02*
2023-24	3.07	1.77

(*इसमें 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी शामिल है।)

****